प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की कडी में आज उदयपुर में राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर महिलाओं को कई सौगाते मिलेगी। महिला निधि बैंक की ओर से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया जायेगा। समारोह में 1 लाख नई लखपति दीदीयों का सम्मान किया जायेगा। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों में दूध वितरण के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना और स्वयं सहायता समूहों के लिए राजसखी पोर्टल का भी शुभारम्भ होगा। दस हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम का भी वितरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री शर्मा समारोह से सरस राज सखी राष्ट्रीय मेले का वर्चुअल शुभारंभ भी करेंगे। ये मेला जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में लगाया गया है। राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद की ओर से लगाये गये इस मेले में देशभर की हुनरमंद उद्यमी महिलाएं अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी।
जिलों में भी महिला सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। बाडमेर में इसका आयोजन महावीर टाउन हॉल में वहीं पाली में राजकीय बांगड महाविद्यालय और भरतपुर में महिला सम्मेलन यूआईटी सभागार और अलवर में प्रताप ऑडिटोरियम में हो रहा है। वहीं जिलों में विकास प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही है जिनके माध्यम से प्रदेश में हो रहे विकास कार्यो और विभिन्न उपलब्धियों को दर्शाया गया हैं। कार्यक्रमों के क्रम में कल जयपुर के पिंजरा पोल गौशाला में अंत्योदय सेवा शिविर रखा गया है। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविर भी आयोजित किये जायेंगे। इससे पहले कल हुए किसान सम्मेलनों के माध्यम से 70 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया गया। अपने बैंक खातों में ये निधि पाकर किसान उत्साहित हुए।

.........................

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी आज नाथद्वारा के श्रीनाथ जी मंदिर पहुंची। उन्होंने श्रीजी की ग्वाल झांकी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री देसुरी की नाल में घाट सेक्शन का अवलोकन करेंगी।

.........................

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। राजभवन में राज्यपाल से ये उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

.........................

बांसवाडा सीमेन्ट फैक्ट्री में आज धमाके के साथ आगजनी की घटना हुई इससे पांच मजदूर घायल हो गए। इन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

.........................

रामगढ विषधारी टाइगर रिजर्व में त्ट ज्.3 बाघिन के साथ नया शावक नजर आया है। उप वन संरक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि कैमरा ट्रेप में शावक नजर आने के बाद बाघिन की मॉनिटरिंग बढा दी गई है। उन्होंने बताया कि बाघिन त्ट ज्.3 पिछले दो महीने से एक ही क्षेत्र में विचरण कर रही है। इसे पिछले साल अगस्त में रणथम्भौर टाईगर रिजर्व से रामगढ लाया गया था।

.........................

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर तेज सर्दी और कई स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सीकर के फतेहपुर में पारा आज लगातार चौथे दिन भी माईनस में रिकॉर्ड हुआ। यहां न्यूनतम तापमान माईनस 1 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस रहा। करौली में 1 दशमलव 9, चूरू में 2 दशमलव 4, भीलवाडा में 2 दशमलव 6, चित्तौडगढ में 3 दशमलव 2 और डबोक में 3 दशमलव 4, सिरोही में 3 और बारां के अंता में 3 दशमलव 7 डिग्री सैल्यियस न्यूनतम तापमान दर्ज

हुआ। इसके अलावा हनुमानगढ के संगरिया और पिलानी में भी शीतलहर का प्रकोप रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में कुछ स्थानों पर आज और कल शीतलहर जारी रहने की संभावना हैं। इसके बाद राहत के आसार हैं।

.........................

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को सोमवार को लोकसभा में पेश किये जाने का कार्यक्रम है। केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 129वां संविधान संशोधन विधेयक और केन्द्रशासित क्षेत्र संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेंगे। हाल ही में सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव करवाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव पर विचार के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशें स्वीकर की थी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों समेत सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया। **एक राष्ट्र एक चुनाव** का सिद्धांत दो चरणों में लागू किये जाने की संभावना है।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

.........................